**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उच्च अध्ययन संस्थान**
(विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तहत एक स्वशासी संस्थान)
विज्ञान पथ, पश्चिमबड़ागाँव, गड़चुक, गुवाहाटी- 781035, असम, भारत

# आईएएसएसटी, गुवाहाटी इन्क्यूबेशन सेंटर के लिए भर्ती सूचना

विज्ञापन सं. 525 दिनांक: 02.01.2024

बीआईआरएसी-बायोनेस्ट परियोजना के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उच्च अध्ययन संस्थान (आईएएसएसटी), गुवाहाटी स्थित इनक्यूबेशन सेंटर में अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रम सं | पद | योग्यता | | प्रतिमाह पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| | | आवश्यक | वांछनीय | |
| 1 | प्रबंधक (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) (एक पद) | विज्ञान/ प्रौद्योगिकी/ इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर<br>या<br>इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में स्नातक (बीई/ बी.टेक) - उद्योग/ सरकारी संगठन/ संस्थान में उद्यमिता विकास और प्रौद्योगिकी आधारित स्टार्ट-अप्स के निर्माण/ आउटसोर्सिंग और सहयोगी प्रौद्योगिकी उत्पादन, प्रौद्योगिकी के प्रसार और कार्यक्रमों के आयोजन में न्यूनतम 3 वर्ष का कार्य अनुभव | पेटेंटिंग, आईपीआर, प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण, प्रयोगशाला प्रोटोकॉल के रखरखाव का ज्ञान तथा प्रौद्योगिकी, उच्च स्तरीय वैज्ञानिक उपकरणों के संचालन एवं सरकारी क्षेत्र में खरीद प्रक्रियों में दक्षता। प्रदर्शित गुणवत्ता, उत्तम संचार कौशल, स्टार्ट-अप की आवश्यकताओं को समझना, अंग्रेजी, हिंदी और असम की स्थानीय भाषा में प्रवाह।<br>**पीएच.डी. योग्यता वांछनीय** | ₹ 45,000/- (समेकित) |
| 2 | कार्यालय सहायक (एक पद) | स्नातक (बीए/ बीएससी. / बी.कॉम) कंप्यूटर एप्लीकेशन में ज्ञान और कौशल के साथ | कार्यालय के विभिन्न कार्य क्षेत्रों जैसे इन्वेंट्री प्रबंधन, रिकॉर्ड कीपिंग, आंतरिक और बाह्य संचार का प्रारूपण, बुनियादी लेखांकन ज्ञान आदि में 1 वर्ष का कार्य अनुभव। एमएस एक्सेल में दक्षता, लेखन कौशल और फोटोग्राफी कौशल वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। | ₹ 20,000/- (समेकित) |

**महत्वपूर्ण टिप्पणी:**

1. आवेदन आवश्यकताएँ: क्रम संख्या 1 में उल्लेखित के पद के लिए आवेदन पत्र के साथ संस्थागत इनक्यूबेशन केंद्र के बारे में अपने दृष्टिकोण सहित उस दृष्टिकोण को लागू करने में प्रदर्शित क्षमता को (1000 शब्दों में) संलग्न किया जाना चाहिए (आवेदक को इस लेख को ऑनलाइन पोर्टल के अपलोड भाग के अन्य विकल्प क्षेत्र में .pdf प्रारूप में अपलोड करना होगा).

2. निर्धारित उपरोक्त योग्यताओं के अतिरिक्त, उम्मीदवारों के प्रोफाइल का मूल्यांकन इस विज्ञापन के अनुलग्नक-I में परिभाषित पदों के लिए संबंधित भूमिकाओं और कार्यों को करने के लिए उनकी उपयुक्तता के आधार पर भी किया जाएगा।

3. केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए केवल योग्यता आवश्यकताओं की पूर्ति ही मानदंड नहीं है।

4. पिछले सेवा अनुभव वाले आवेदकों को अपने वर्तमान और पिछले नियोक्ता से वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिसमें स्पष्ट रूप से अवधि और तारीखें बताई गई हों। इसके अलावा वे कम से कम दो रेफरी से अनुशंसा पत्र भी प्रस्तुत कर सकते हैं।
5. नियुक्त पदधारियों को मुख्य रूप से आईएएसएसटी, गुवाहाटी के परिसर में तैनात किया जाएगा, लेकिन आवश्यकतानुसार उन्हें यात्रा करनी पड़ सकती है।

**आयु सीमा: पदों की अधिकतम आयु सीमा निम्नानुसार होगी**

- प्रबंधक (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी): विज्ञान/प्रौद्योगिकी/इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर या इंजीनियरिंग में स्नातक (बीई/बी.टेक) वाले उम्मीदवारों के लिए 35 वर्ष और पीएचडी उम्मीदवार के लिए 40 वर्ष।
- कार्यालय सहायक: 30 वर्ष

आयु की गणना आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएगी। आरक्षित श्रेणियों के लिए आयु सीमा में भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार छूट दी जाएगी।

**रोज़गार की अवधि:**

उपरोक्त पद पूर्णतः संविदात्मक हैं। आरंभिक संविदा अवधि 6 महीने की होगी। प्रदर्शन के आधार पर, जिसका मूल्यांकन एक समिति द्वारा किया जाएगा, बायोनेस्ट परियोजना के विस्तार के आधार पर या मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के अनुसार रोजगार को विस्तारित किया जा सकता है। बिना कोई कारण बताये नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। पदों के लिए नियुक्ति परियोजना की अवधि के साथ-साथ होगी और वित्तपोषण एजेंसी से निधि प्राप्त होने के अधीन होगी। आईएएसएसटी परियोजना की समाप्ति के बाद परियोजना के तहत नियोजित किसी भी व्यक्ति को भर्ती/नियुक्त करने के लिए बाध्य नहीं है। इसके अलावा, आईएएसएसटी में कार्यरत संविदाकर्मी परियोजना पूरी होने के बाद सेवा जारी रखने का दावा नहीं कर सकते हैं।

**ऐसे करें आवेदन:**

आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवारों द्वारा विज्ञापन को इसके अनुलग्नकों सहित ध्यानपूर्वक पढ़ा जाना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन जमा करने का प्रारूप संस्थान की वेबसाइट (www.iasst.gov.in) पर उपलब्ध है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16.01.2025 है। ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय सभी प्रासंगिक और आवश्यक दस्तावेजों और प्रशंसापत्रों की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड की जानी चाहिए।

**अन्य नियम एवं शर्तें:**

1. नौकरीपेशा उम्मीदवारों को आवेदन के साथ नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
2. उम्मीदवारों को दो रेफरी का नाम, पता और संपर्क विवरण भी प्रस्तुत करना होगा।
3. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए प्रदान नहीं किया जाएगा।
4. आवेदक को सुबह 9.30 बजे तक रिपोर्ट करना होगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को भरे हुए आवेदन पत्र के साथ अपनी आयु, योग्यता, अनुभव आदि के समर्थन में सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।
5. योग्य अभ्यर्थियों के मामले में चयन समिति के विवेकानुसार आयु सीमा, योग्यता, अनुभव एवं अन्य आवश्यकताओं में छूट दी जा सकती है।

**साक्षात्कार की तिथि, मोड/स्थान: चयनित उम्मीदवारों को ईमेल द्वारा सूचित किया जाएगा।**

**संपर्क सूचना:**

कुलसचिव, विज्ञान एवं प्रद्योगिकी उच्च अध्ययन संस्थान
(विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तहत एक स्वशासी संस्थान)
विज्ञान पथ, पश्चिमबड़ागाँव, गड़चुक, गुवाहाटी- 781035, असम, भारत
ईमेल: registrar@iasst.gov.in
फोन: +91-361-2273061 / 2273064, फैक्स: +91-361-2273062, रिसेप्शन: +91-361-2270095

**अनुलग्नक – I**

## विज्ञापित पद का कार्य विवरण

**1. प्रबंधक (विज्ञान और प्रौद्योगिकी) का कार्य विवरण**

**1.1 भूमिका:** प्रबंधक (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) परिचालन भूमिका में होंगे तथा इनक्यूबेशन केंद्र की जैव-विज्ञान आधारित गतिविधियों की परिचालन आवश्यकताओं का ध्यान रखेंगे। प्रौद्योगिकी के एकाधिक डोमेन का ज्ञान रखने वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।

**1.2 कार्य:**

प्रबंधक (इन्क्यूबेशन एवं आउटरीच) के अधीन कार्य करते हुए, प्रबंधक (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) मुख्य रूप से निम्नलिखित कार्य करेंगे -

- जैव-विज्ञान के क्षेत्र में इनक्यूबेशन प्रस्ताव का तकनीकी मूल्यांकन।
- इनक्यूबेट के लिए तकनीकी सलाह, और परीक्षण रिपोर्ट का विश्लेषण।
- जैव विज्ञान के क्षेत्र में इनक्यूबेशन सेंटर की तकनीकी क्षमताओं का विकास करना।
- इनक्यूबेटीज के लिए आवश्यकताओं की पहचान करना और तकनीकी आउटसोर्सिंग की व्यवस्था करना।
- जैव-विज्ञान से संबंधित अनुसंधान एवं विकास तथा उद्यमिता के लिए नीतियों और योजनाओं के संबंध में चल रहे विकास के बारे में इनक्यूबेटर प्रबंधक और इनक्यूबेटी को अद्यतन करना और सलाह देना।
- जैव-विज्ञान से संबंधित नवाचारों का तकनीकी सत्यापन और प्रमाणन।
- उपकरणों, वारंटी और ए.एम.सी. का रिकॉर्ड रखना और उन्हें अद्यतन करना।
- सभी उपकरणों को चलाने में इनक्यूबेटीज़ की मदद करना और इनक्यूबेटीज़ की ओर से उच्च स्तरीय उपकरणों का संचालन करना।
- प्रबंधक (इन्क्यूबेशन और आउटरीच) को सभी प्रकार की गतिविधियों में सहायता प्रदान करना।
- उपभोज्य सामग्रियों और सहायक उपकरणों की आवश्यकता अनुसार पहचान करते हुए क्रय प्रक्रिया करना।
- वित्तपोषण के प्रस्तावों के जैव-विज्ञान संबंधी पहलुओं पर प्रबंधक (इन्क्यूबेशन और आउटरीच) और इनक्यूबेटीज़ की सहायता करना।
- ऑनलाइन गतिविधियों के संचालन में प्रबंधक (इन्क्यूबेशन और आउटरीच) की सहायता करने की क्षमता को अन्य गतिविधि माना जाएगा।

**1.3** परियोजना के प्रधान अन्वेषक द्वारा समय-समय पर दिए गए अन्य कार्यों का प्रबंधन करना।

**1.4** इनक्यूबेशन सेंटर का उद्देश्य इस समयबद्ध परियोजना में पूर्णकालिक समानांतर व्यवसाय करने वाले इनक्यूबेट्स की भी सेवा करना है। इसलिए, उम्मीदवार को आवश्यकतानुसार शाम की पाली या सप्ताहांत में भी काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**2. कार्यालय सहायक का कार्य विवरण**

**2.1 भूमिका:** कार्यालय सहायक प्रबंधक (इन्क्यूबेशन एवं आउटरीच) और प्रबंधक (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) के लिए सहायक भूमिका में रहेंगे तथा परियोजना के प्रधान अन्वेषक को रिपोर्ट करेंगे।

**2.2 कार्य:** परियोजना के प्रधान अन्वेषक के निर्देशों के अनुसार कार्य करते हुए, कार्यालय सहायक को निम्नलिखित कार्य करने होंगे - रिकार्ड रखने के लिए इनक्यूबेशन सेंटर का नियमित रखरखाव, लिपिकीय गतिविधियां, सूचना एकत्र करना, कार्यक्रमों में मदद करना, इनक्यूबेशन सेंटर के नियमित संचार में मदद करना, वर्चुअल इनक्यूबेटीज को सहयोग देना, वर्चुअल कार्यालय चलाना आदि तथा सभी प्रशासनिक और लेखा संबंधी कार्यों की देखभाल करना।

अभी अप्लाई करें